अमर उजाला

# नकली बेसन बनाने की फैक्टरी पकड़ी, सील

लखनऊ ब्यूरो Updated Wed, 25 Sep 2019 11:48 PM IST



बहराइच। खाद्य सुरक्षा औषधि विभाग (एफएसडीए) की टीम ने बुधवार को शहर के काजीपुरा मोहल्ले में एक बेसन के कारखाने पर छापा मारा। इस दौरान टीम ने 18 बोरी नकली तैयार बेसन व काफी मात्रा में बेसन बनाने की सामग्री बरामद की है। टीम ने दो नमूनों को एकत्रित कर कारखाने को सील कर दिया है।

खाद्य सुरक्षा औषधि विभाग के अभिहित अधिकारी विनोद कुमार शर्मा की अगुवाई में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी अमरेश कुमार, खाद्य सुरक्षा अधिकारी राजेंद्र पांडेय, अनंत स्वरूप, एसपीएन सिंह, राघवेंद्र प्रताप वर्मा व सहायक खाद्य वीरेंद्र कुमार ने शहर के काजीपुरा उतरी मोहल्ला स्थित अकबर अली के एक बेसन के कारखाने पर छापा मारा।

इस दौरान टीम ने पूरे कारखाने को खंगालना शुरू कर दिया। टीम ने कारखाने से 18 बोरी नकली तैयार बेसन बरामद किया। इसके अलावा कारखाने से ही काफी मात्रा में नकली बेसन तैयार करने के उपयोग में लाये जाने वाले सूजी, सिंथेटिक कलर व चावल का खंडा मौके पर बरामद किया। टीम ने मौके पर नकली बेसन व मिर्चे का नमूना एकत्रित कर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा है।

अभिहित अधिकारी शर्मा ने बताया कि कारखाने पर चावल के खंडा, सूजी को पीसकर सिंथेटिक कलर मिलाकर नकली बेसन तैयार कर बाजार में बेचा जा रहा था।

शर्मा ने बताया कि बरामद सभी सामग्री व तैयार बेसन को सीज करते हुये कारखाने को भी सील कर दिया गया है। दो नमूनों को भरकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है। दुकान संचालक के खिलाफ विभागीय कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

Source: https://www.amarujala.com/uttar-pradesh/bahraich/raid-on-besan-factory-bahraich-news-lko4835522100